प्रादेशिक समाचार
28.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक 29 मार्च को होगी। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह सीट के लिए प्रत्याशी के नाम पर निर्णय लिया जायेगा। संसदीय बोर्ड में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के अलावा चन्द्रप्रकाश चौधरी, रामचन्द्र सहिस, लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, उमाकांत रजक, डोमन सिंह मुंडा, संजय बसु मल्लिक, मुकुंद चंद्र मेहता, शिवपूजन मेहता, अकिल अख्तर, हसन अंसारी, स्वपन सिंह देव, राधेश्याम गोस्वामी, राजेन्द्र मेहता हैं।

****

झारखंड में लोकसभा चुनाव चौथे चरण से सातवें चरण तक संपन्न होगा। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार चतरा लोक सभा सीट के लिए चुनावी प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होगी। मतदान 20 मई को होगा। चतरा लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें शामिल हैं। इनमें चतरा, सिमरिया, लातेहार, मनिका और पांकी विधानसभा क्षेत्र है।चतरा जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि जिले में इकतालीस हजार चार सौ सात नए मतदाता जोड़े गए हैं जो पहली बार मतदान करेंगे।

****

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की आकस्मिक छुट्टी को लेकर चुनाव आयोग की स्वीकृति लेना आनिवार्य होगा। चुनाव समाप्त होने तक आकस्मिक अवकाश और मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति निर्वाचन पदाधिकारी देंगे। डीजीपी के आदेश पर आइजी अभियान सह–स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। झारखंड के विभिन्न जिलों के एसएसपी, एसपी, पुलिस के अन्य विंग के एसपी और समादेष्टा को पत्र भेज कर अवगत करा दिया गया है।

****

गुमला में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत आगामी 13 मई को लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आने वाले गुमला जिले में 18 से 19 वर्ष वाले नए युवा मतदाताओं ने अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने इस वर्ष की संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन्स के दूसरे सत्र के परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र शहर आवंटन की अग्रिम सूचना जारी कर दी है। जेईई–मेन्स का दूसरा सत्र 4 से 12 अप्रैल तक तीन सौ उन्नीस शहरों के विभिन्न केन्द्रों पर होगा। इनमें बाईस शहर विदेशों के हैं। परीक्षा प्रत्येक दिन दो शिफ्टों में होगी। परीक्षार्थी एनटीए की वेबसाइट पर अपनी आवदेन संख्या और जन्म तिथि डालकर परीक्षा केन्द्र से संबंधित शहर की जानकारी ले सकते हैं।

****

सरहुल शोभायात्रा को लेकर राजधानी रांची में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने तैयारी शुरू कर दी है। सरहुल की शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी। केंद्रीय सरना समिति के फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे।

****

गिरिडीह जिले के बगोदर में आज सुबह अगलगी की घटना में एक जेनरल स्टोर, एक डिजिटल स्टूडियो समेत दस दुकान जल गये। इससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ। बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने का आश्वाशन दिया है।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े 7 बजे शुरू होगा।

****

नामकुम थाना पुलिस ने आज नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुरूरपीढ़ी में दो एकड़ में लगे अफ़ीम की अवैध खेती को नष्ट किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया की गुप्त सुचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

****

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के यूजी कोर्स में दाखिले के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट–2024 (सीयूईटी–यूजी) के लिए आवेदन की तिथि अब 31 मार्च तक बढ़ा दी है। पहले इसकी अंतिम तिथि 26 मार्च थी।

********समाप्त********